52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 26.1°c अधिकतम 35.1°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:54 सूर्यास्त : 6:46 | वर्ष : 52/ अंक : 237 | मंगलवार, 27 अगस्त 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, नवमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

धन से ज्ञान उत्तम है, क्योंकि धन की रक्षा करनी पड़ती है और ज्ञान हमारी रक्षा करता है।

राष्ट्र तभी मजबूत होगा, जब हम सब एक होंगे,बंटेंगे तो कटेंगे : योगी आदित्यनाथ

साजिश है बाँटने की सत्ता के खेल में... सबको संभलना होगा सत्ता के खेल में.....

जन्मे कान्हा तो गूंजा नंद के आनंद भयो-जय कन्हैया लाल की

▶ मंदिरों में रंग बिरंगी झालरों से दर्शनीय सज्जा के बीच झुलाया ललना को पलना ▶ घंटा और शंख ध्वनि के साथ पंचामृत अभिषेक के बाद मना जन्मोत्सव

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। नंद के आनंद भयो जै कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जै कन्हैया लाल की। के घोष के साथ आज सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाए गए मंदिरों में योगी राज कृष्ण का जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इंद्र देव ने भी भादों की अंधियारी अष्टमी पर बरस कर उस नक्षत्र को साक्षात कर दिया, जिसमें बाल कृष्ण का जन्म हुआ था। हालांकि इससे मंदिरों में जाने वाली भीड़ थोड़े समय के लिए प्रभावित हुई। शहर में गणपति धाम, श्री श्री गोलोक गोपेश्वर धाम और आत्मबोध आश्रम समेत तमाम मंदिरों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष श्रंगार के दर्शन और ललना को पलना झुलाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कई मंदिरों में तो लंबी कतारों के बीच उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। जैसे ही घड़ी ने रात के बारह बजाए घंटा ध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच लला के जन्म का उद्घोष हुआ और व्रत धारियों ने चंद्रमा को जल देकर अपना व्रत खोला।

नगर में आज जन्माष्टमी पर्व का उत्साह चारों ओर नजर आया। घरों में बड़े जहां व्रत रखकर लला के अवतरण की प्रतीक्षा के लिए तैयारी कर रहे थे, वहीं बच्चों में बाल कृष्ण के रूप में सजने का विशेष चाव रहा। आज मंदिरों की सज्जा देखते ही बनी। वहां पहुंचे श्रद्धालुओं का उत्साह मौसम की खराबी पर भारी पड़ा। शाम से ही मंदिरों में विशेष रूप से सजाई गई मूर्तियों के दर्शन का रसपान करने को भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ी और वहां भक्तों की लंबी कतारें शाम से ही नजर आने लगी। रात में बारिश शुरू हुई तो श्रद्धालुओं ने इसे प्रकृति का प्रसाद मानकर इंद्रदेव का स्वागत किया। बारिश में भीगते हुए भी श्रद्धालु कतारों में लगे रहे। इस मौके पर शहर में श्री गणपति खाटू श्याम धाम, श्री श्री गोलोक गोपेश्वर तीर्थ, आत्म बोध आश्रम नदी रोड, लक्ष्मी नारायण मंदिर गांधी कॉलोनी, संकीर्तन भवन व छारिया वाला मंदिर नई मंडी, श्यामा श्याम मंदिर गांधी नगर, श्री राधा कृष्ण मंदिर साकेत, नानूपुरी, नुमाइश कैंप, पुरषार्थी कॉलोनी और शहर के तमाम मंदिरों में भव्य सज्जा देखने लायक थी। मंदिरों में आज सुबह से ही राधा कृष्ण की मूर्तियों और लड्डू गोपाल के स्वरूप की दर्शनीय पोशाक और सज्जा को देखने का अलग ही आनंद था। मंदिरों में बाल कृष्ण को पालना ुलाने के लिए रामडोल सजाए गए। श्रद्धालुओं ने वहां प्रसाद चढ़ाकर लाला को पलना झुलाकर स्वयं को धन्य महसूस किया। अनेक स्थानों पर भगवान कृष्ण के जीवन और देवी देवताओं की सुंदर ांकियां भी दर्शनीय रहीं। शाम होते ही मंदिरों पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम तेज हो गया था। बारिश में भी यह क्रम टूटा नहीं और इसके बाद मध्य रात्रि तक भारी भीड़ वहां दर्शन के लिए जुटी रही। मंदिरों में लड्डू गोपाल भी खास तौर से सजे। घरों में जन्माष्टमी का उत्साह देखते ही बना। वहां मंदिरों की विशेष सज्जा के साथ लड्डू गोपाल का जन्मोत्सव भी धूम धाम से मनाया गया। छप्पन भोग के साथ तमाम प्रकार के मिष्ठान्न और फलों का भोग लगाया गया। रात्रि में जन्मोत्सव के साथ पंचामृत से भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक किया गया। देर रात बारह बजते ही शंख और घंटा ध्वनि से भगवान के प्राकट्य का घोष हुआ तो श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। अनेक स्थानों पर केक काटकर बाल कृष्ण का जन्म दिन मनाया।

बाल कृष्ण और राधा के रूप में इठलाए नौनिहाल

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर बाल गोपाल में खास उत्साह दिखा। राधा और बाल कृष्ण के रूप में इठलाते नौनिहाल ना केवल मंदिरों की शोभा बने, बल्कि घरों में भी बच्चों का विशेष श्रंगार किया गया। अधिकांश बच्चे पीले और सफेद परिधानों में जहां बाल कृष्ण के रूप में नजर आए, वहीं रंग बिरंगी पोशाकों में बालिकाएं राधा के रूप में खास तौर पर सजी संवरी नजर आईं। ऐसे में आज बच्चों का उत्साह घर आंगन में खास तौर से दिखाई दिया। परिजनों में भी छोटे बच्चों को राधा कृष्ण के बाल रूप में सजाने का उत्साह कई दिनों से था। ऐसे में उनके लिए बाजार से विशेष पोशाक, मुकुट और सज्जा सामग्री खरीदी गई थी। इसे पहनने के लिए सुबह से ही बच्चे उतावले दिखे। परिजनों को उन्हें शाम तक रोके रखना भी मुश्किल भरा काम रहा। हालांकि शाम को उनकी विशेष श्रंगार सज्जा के साथ जब वे गलियों में निकले तो उनकी रूप माधुरी दर्शनीय थी और देखने वाले नतमस्तक नजर आए।



लापता पत्रावली पर पालिका में रार, जिम्मेदारों में वॉक युद्ध

लिपिक की जांच फिर अधर में लटकी, जिम्मेदार मौन ▶ ओएस ने लिपिक पर लगाया पत्रावली नहीं देने का आरोप

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। नगर पालिका में दस्तावेज और पत्रावलियां गायब होने का क्रम तमाम प्रयासों के बाद थमने का नाम नहीं ले रहे, ऐसे में एक कर्मी के निलम्बन होने के प्रकरण से जुड़ी पत्रावली करीब 18 माह से गुम है, इस पत्रावली को जमीन खा गई या आसमान निगल गया, किसी के पास कुछ जवाब नहीं। इस पत्रावली को लेकर नए जांच अधिकारी को पत्रावली नहीं मिली ऐसे में जांच फिर अधर में लटकने की संभावना बढ़ गई है। पत्रावली को लेकर अब पूर्व व वर्तमान कार्यालय अधीक्षक आमने सामने आ गए हैं।

तत्कालीन ईओ हेमराज सिंह ने दाखिल खारिज के प्रकरण में शासन से जांच के बाद लिपिक मनोज पाल को निलम्बित कर टीएस नरेश शिवालिया को जांच सौंपी थी, तब से आज तक यह मामला विवादों में है। आरोप पत्र का जवाब देने के बाद भी मनोज पाल के खिलाफ चल रही जांच पूरी नहीं हुई, यही कारण है कि उन्हें करीब 14 माह तक निलंबित रहना पड़ा और कांवड़ यात्रा के दौरान चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने उसको बहाल करते हुए, जांच अधिकारी ही बदल दिया। अब उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच नए कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार को सौंपी है। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने प्रभारी ओएस राजस्व निरीक्षक पारूल यादव को लिपिक मनोज पाल के निलम्बन आदेश से जुड़ी पत्रावली जांच अधिकारी को देने व जल्द जांच पूरी करते हुए अपनी आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जांच के लिए उक्त पत्रावली मांगी तो पालिका में नई हलचल मच गई। सूत्रों के अनुसार पारूल यादव ने ईओ को जानकारी दी कि मनोज पाल से जुड़ी पत्रावली चार्ज में उन्हें नहीं मिली और वो पत्रावली पूर्व ओएस लिपिक ओमवीर के पास है। तीन दिन पूर्व पारूल यादव ने इस संबंध में ओमवीर के नाम एक पत्र जारी करते हुए इसमें कहा कि 14 अगस्त को जांच अधिकारी कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा उन्हें आदेशित किया है कि लिपिक मनोज पाल के निलम्बन प्रक्रिया सम्बंधी पत्रावली अधिष्ठान लिपिक को उपलब्ध कराई जाये। आरोप है कि ओमवीर ने पत्र ही रिसीव करने से इंकार कर दिया और इसे लेकर पारूल यादव के साथ तीखी झड़प हुई। इस दौरान ओमवीर ने पारूल से अभद्रता भी की। जिसकी शिकायत ईओ व चेयरपर्सन को भी की गई है। इस मामले

शेष - पृष्ठ-4 पर

लो जी, बर्खास्त इंस्पेक्टर ने ही दे डाली जेलर को जान से मारने की धमकी

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। आम आदमी को तो धमकी बहुत सुनी होगी मगर, जेलर को धमकी का शायद मुजफ्फरनगर का यह पहला मामला सामने आया है। उक्त समाचार लिखते समय एक बहुत पुरानी फिल्म का डायलॉग याद आ गया, जब यह कहा जाता था कि हम भी अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं, यानि जेलर का मतलब सख्त व्यक्ति और सख्त व्यक्ति को एक बर्खास्त इंस्पेक्टर ही धमकी दे दे तो यह बड़ी हैरानी की बात है।

आपको बता दें कि छह माह पूर्व पुलिस विभाग से इंस्पेक्टर अमित सिंह निवासी पल्लवपुरम मेरठ को प्रशासनिक आधार पर मुजफ्फरनगर जनपद की जिला कारागार में निरुद्ध किया गया था। फिलहाल जेलर राजेश कुमार सिंह का आरोप है कि जेल में निरुद्ध अवधि के दौरान उक्त इंस्पेक्टर अमित सिंह उन पर नाजायज दबाव बनाता था। अमित सिंह अपना रौब गालिब करते हुए बिना पर्ची के मिलाई करने का लगातार दबाव बनाता था और यदि इस बात का विरोध किया जाता था तो बर्खास्त इंस्पेक्टर अमित सिंह जेल कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करता था और उल्टा इस बात को लेकर खुद ही सब लोगों पर नाराज रहता था। फिलहाल जेलर ने आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त इंस्पेक्टर 11 अप्रैल 2024 को जमानत पर छूटकर चला गया था। छूटने के बाद भी इंस्पेक्टर ने अपनी हरकतें नहीं छोड़ी और नये नम्बरों से कॉल करके अवैध कार्य करने के लिए दबाव बनाता रहा। ये अनैतिक कार्य न करने पर बार बार जान से मारने की धमकी देता है। परेशान होकर अब जेलर राजेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 23 अगस्त 2024 की रात लगभग सवा ग्यारह बजे बर्खास्त इंस्पेक्टर ने उनके सरकारी नम्बर पर कॉल कर उनसे गाली गलौच की। जब उन्होंने पलटकर जवाब दिया तो आरोप है कि इंस्पेक्टर ने उन्हें व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे डाली। जेलर का बताना है कि बर्खास्त इंस्पेक्टर पहले से ही अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति रहा है और उसके खिलाफ छह से अधिक अपराधिक मामले दर्ज हैं, इतना ही नहीं दो साल पूर्व आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में भी मेरठ पुलिस ने बर्खास्त इंस्पेक्टर को जेल भेज दिया था। फिलहाल पुलिस ने जेलर राजेश सिंह की तहरीर पर बर्खास्त इंस्पेक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच के बाद कार्यवाही भी की जायेगी।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि



स्व. श्री सोमांश प्रकाश जी

(पूर्व विधायक एवं संरक्षक ट्रस्टी, महाराजा अग्रसेन स्मारक ट्रस्ट (रजि०) मुजफ्फरनगर)

जनपद मुजफ्फरनगर के वैश्य समाज व जनप्रिय नेता प्रसिद्ध समाजसेवी अनेकों शिक्षण संस्थाओं व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी, तीन बार विधायक रह चुके, धर्मपरायण, टिकौला शुगर मिल्स लि० के संस्थापक, ईमानदार छवि के धारक, परम आदरणीय श्री सोमांश प्रकाश जी के बैकुण्ठगामी होने पर हम सभी पदाधिकारी एवं ट्रस्टीगण को हार्दिक पीड़ा है, मन व्यथित है। हमारे अग्रवाल समाज को अग्रसेन भवन स्वर्गीय सोमांश प्रकाश जी के अथक प्रयास, प्रेरणा व सहयोग का ही प्रतिफल है। जनपद की इस महान विभूति के परलोक धाम जाने से अग्रवाल समाज व जनपद की अपूर्णीय क्षति हुई है। हम सभी ट्रस्टीगण परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें व शोक संतप्त परिजनों को दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। हम सभी ट्रस्टीगण दिवंगत आत्मा को शत्त नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

महाराजा अग्रसेन स्मारक ट्रस्ट (रजि०)

महाराजा अग्रसेन मार्ग निकट ए-टू-जेड कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

के सभी संरक्षक, ट्रस्टी, भवन सदस्य एवं समस्त पदाधिकारी

ॐ शान्ति। ॐ शान्ति। ॐ शान्ति।

रस्म पगड़ी

आपको अत्यन्त दुःख के साथ सूचित कर रहे है कि हमारी पूज्य माताजी

श्रीमती माया वर्मा (धर्मपत्नी श्री देवेन्द्र कुमार सर्राफ) का स्वर्गवास

दिनांक 18 अगस्त 2024 को सांसारिक जीवन यात्रा सम्पूर्ण कर आराध्य प्रभु के श्रीचरणों में विलीन हो गयी हैं।

प्रभु की इच्छा के समक्ष हम नतमस्तक हैं। इनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी

28 अगस्त 2024, दिन बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

हवन ..... 09.00 बजे प्रातः
ब्रह्मभोज ..... 12.00 बजे अपरान्ह
रस्म पगड़ी ..... 3.00 बजे दोपहर

स्थानः आशीर्वाद बैंकेट हॉल, लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार:-

नवीन वर्मा- रितु वर्मा (दामाद-पुत्री)
अश्मित वर्मा (धेवता)
आकांक्षा वर्मा (धेवती)
समस्त वर्मा परिवार

राहुल वर्मा- सोनिया वर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
वरूण वर्मा- शिल्पा वर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
देवेश वर्मा, देवांश वर्मा (पौत्र)
दिव्या वर्मा, वाणी वर्मा (पौत्री)

प्रतिष्ठानः- देवेन्द्र कुमार एण्ड संस (ज्वैलर्स) 111/112, सर्राफा बाजार, मुजफ्फरनगर

निज निवास- 167/8 A, साउथ सिविल लाईन्स (अजय होटल वाली गली) मुजफ्फरनगर

M.: 9927016064, 9897163009, 9808448410

लद्दाख में पांच नये जिलों के गठन को मंजूरी

नई दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता)। गृह मंत्रालय ने विकसित और समृद्ध लद्दाख के निर्माण के विज़न को साकार करने की दिशा में केंद्र शासित प्रदेश में पांच नये ज़िलों के गठन को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस ऐतिहासिक निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि इस निर्णय से पांच नये ज़िलों झ्र ज़ंस्कार, द्रास, शाम, नुब्रा और चांगथांग झ्र में प्रशासन के सुदृढ़ होने से स्थानीय लोगों को उनके द्वार पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इन पांच जिलों के गठन के बाद अब लद्दाख में, लेह और कारगिल को मिलाकर, कुल सात जिले हो जायेंगे। लद्दाख क्षेत्रफल के हिसाब से एक बहुत बड़ा केंद्र शासित क्षेत्र है। अभी लद्दाख में दो जिले हैं - लेह और कारगिल। यह भारत के सबसे कम जनसंख्या वाले भूभागों में से एक है। अत्यंत कठिन और दुर्गम होने के कारण, वर्तमान में जिला प्रशासन को ज़मीनी स्तर तक पहुँचने में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इन जिलों के गठन के बाद अब केन्द्र सरकार और लद्दाख प्रशासन की सभी जनहित योजनाएं लोगों तक आसानी से पहुँच सकेंगी और अधिक से अधिक लोग उनका लाभ उठा सकेंगे। गृह मंत्रालय का यह महत्वपूर्ण निर्णय लद्दाख के सर्वांगीण विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। पांच नए जिलों के गठन की ''सैद्धांतिक स्वीकृति'' देने के साथ ही गृह मंत्रालय ने लद्दाख प्रशासन को नए जिलों के गठन से संबंधित विभिन्न पहलुओं, जैसे, मुख्यालय, सीमाएं, संरचना, पदों के सृजन, जिला निर्माण से सम्बंधित कोई अन्य पहलू आदि के आंकलन के लिए एक समिति बनाने और उसे तीन महीने के अन्दर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है। उक्त समिति की रिपोर्ट प्राप्ति के बाद, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख इस रिपोर्ट के आधार पर नए जिलों के निर्माण के सम्बन्ध में अंतिम प्रस्ताव गृह मंत्रालय को आगे की कार्यवाही के लिए भेजेगा। केन्द्र सरकार लद्दाख के लोगों के लिए अपार संभावनाओं का सृजन करने के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है।

मुंबई में लड़कियों के समूह ने छात्रा पर किया हमला

मुंबई, 26 अगस्त (एजेंसी)। मुंबई के वसोर्वा इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें किसी मुद्दे पर बहस के बाद नाबालिग लड़कियों के एक समूह ने स्कूल जा रही एक लड़की पर हमला कर रही है, जिसके बाद पुलिस ने हमला करने वाली लड़कियों, पीड़िता और उनके माता-पिता को बुलाकर फटकार लगाई है। मामले में वसोर्वा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि ये वीडियो तकरीबन दो हफ्ते पुराना है और इस वीडियो के इंटरनेट पर वायरल होने के बाद इस पर संज्ञान लिया गया है। पुलिस के मुताबिक यारी रोड इलाके में स्कूल की छात्राओं ने स्कूल जा रही एक छात्रा का बुरी तरह पीटा है। वीडियो में हमला करने वाली लड़कियों ने स्कूल ड्रेस पहनी नाबालिग लड़की को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पिटते दिखाई दे रही है। वहीं इस मामले में पुलिस ने सभी लड़कियों के माता-पिता को थाने में बुलाकार फटकार लगाते हुए सलाह दी है कि ऐसे घटना दोबारा न हो। अधिकारी ने बताया कि हम जांच कर रहे हैं कि वीडियो किसने प्रसारित किया। सोशल मीडिया एक्स पर पुलिस ने कहा, वसोर्वा में एक लड़की पर हमले के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए, निर्भया दस्ते (महिलाओं/बच्चों के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए विशेष सेल) ने जांच की। पता चला कि वीडियो में दिख रही सभी लड़कियां नाबालिग हैं और एक ही इलाके की हैं। छोटी सी बात पर बहस के बाद उनके बीच झगड़ा हो गया।

महिला उत्पीड़न पर अब ऑनलाइन भी दर्ज होंगी शिकायतें, केंद्र के निर्देश को राज्य सरकार करेगी लागू

मुंबई, 26 अगस्त (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला उत्पीड़न मामलों को ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश पर महाराष्ट्र कैबिनेट में चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने बताया कि राज्य सरकार ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पीएम मोदी के निर्देश को तुरंत लागू करने का फैसला किया और इसके साथ ही अलग कदम उठाने का भी निर्णय लिया है। रविवार को जलगांव में माझी लाड़की बहिन योजना कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अपराध को अक्षम्य पाप बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। पीएम मोदी की यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या और महाराष्ट्र के बदलापुर में नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले के संदर्भ में आई। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में एक पूरा अध्याय महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध के लिए समर्पित है। अगर कोई महिला पुलिस स्टेशन तक नहीं पहुंच पाती है तो वह ई-एफआईआर भी दर्ज करा सकती है।

बंग्लादेश में अंसार के सदस्यों और छात्रों के बीच झड़प, 40 घायल

ढाका, 26 अगस्त (वार्ता)। बंगलादेश की राजधानी ढाका में सचिवालय के पास अंसार सदस्यों और छात्रों के बीच झड़प में कम से कम 40 लोग घायल हो गए। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) के पुलिस कैंप प्रभारी (निरीक्षक) मोहम्मद बच्चू मिया ने कहा कि घायलों का अस्पताल में आना रात करीब साढ़े नौ बजे शुरू हुआ। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, झड़प के दौरान ढाका विश्वविद्यालय के संवाददाता आसिफ हवलदार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना उस समय हुई जब एक हजार से अधिक छात्र, जिनमें से कई लाठी लेकर सचिवालय की ओर बढ़ कर रहे थे। अंसार सदस्य पहले से ही सचिवालय के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध करते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। छात्रों ने अंसार सदस्यों को "निरंकुशता के एजेंट" करार दिया। सूत्रों ने बताया कि भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के कई संयोजकों ने छात्रों को सचिवालय की ओर रैली निकालने के वास्ते राजू मूर्ति पर इकट्ठा होने के लिए आमंत्रित किया।

भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस मुंबई श्रीलंका पहुंचा

कोलंबो, 26 अगस्त (वार्ता)। भारतीय नौसेना का अग्रणी युद्धपोत आईएनएस मुंबई तीन दिवसीय यात्रा पर कोलंबो पहुंचा, जिसका श्रीलंका नौसेना द्वारा औपचारिक रूप से स्वागत किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को दी। डेली मिरर ने उच्चायोग के हवाले से कहा कि यह आईएनएस मुंबई की श्रीलंका बंदरगाह की पहली यात्रा है और इस साल आईएनएस काबरा, करंज, कामोर्टा, शाल्की और भारतीय तटरक्षक जहाज समर्थ, अभिनव और सचेत के साथ भारतीय जहाजों की यह आठवीं बंदरगाह यात्रा होगी। स्वदेशी रूप से निर्मित आईएनएस मुंबई, दिल्ली श्रेणी का तीसरा विध्वंसक जहाज है, जिसे 22 जनवरी 2001 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। मुंबई में मझगांव डॉक लिमिटेड में निर्मित जहाज ने अपना मध्य-जीवन उन्नयन पूरा किया और 8 दिसंबर, 2023 को विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान में शामिल हो गया। रिपोर्टों के अनुसार, आईएनएस मुंबई श्रीलंका वायु सेना द्वारा संचालित डोर्नियर समुद्री गश्ती विमान के लिए आवश्यक पुर्जे लाएगा।

पाकिस्तान में हथियारबंद लोगों ने थानों पर हमला किया

क्वेटा/ग्वादर 26 अगस्त (वार्ता)। पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग, कलात, पसनी और सुंतसर में रविवार देर रात को हथियारबंद लोगों ने लेवीज और पुलिस थानों पर हमला किया जबकि क्वेटा-ज़ाहेदान रेलवे ट्रैक और बलूचिस्तान के अन्य हिस्सों से भी बंदूक और ग्रेनेड हमलों की खबरें मिली है। समाचार पत्र डॉन ने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार हथियारबंद लोगों ने पसनी पुलिस थाने पर हमला किया और कर्मियों की पिटाई करने के बाद वहां खड़ी तीन गाड़ियों और मोटरसाइकिलों को आग के हवाले कर दिया। हमलावरों ने ग्वादर के तटीय शहर सुंतसर में एक और पुलिस थाने में तोड़फोड़ की और सरकारी हथियार छीन कर फरार हो गये। अधिकारियों ने कहा कि हथियारबंद लोगों ने लेवीज थाना खड़कोचा पर हमला किया और कर्मियों को बंधक बना लिया जबकि कलात में हथियारबंद लोगों ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ गोलीबारी की।

डूब रहे मालवाहक पोत के 11 सदस्यों को सुरक्षित बचाया

नई दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता)। भारतीय तटरक्षक दल (आईसीजी) ने रात के समय डूब रहे मालवाहक पोत एमवी आईटीटी पूमा पर मौजूद11 सदस्यों को बचाने के लिए रात के अंधेरे मे एक बेहद चुनौती पूर्ण बचाव अभियान को सफलतापूवर्क पूरा किया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुंबई में पंजीकृत सामान्य मालवाहक जहाज कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर जा रहा था। इसी दौरान यह पश्चिम बंगाल में सागर द्वीप से लगभग 90 समुद्री मील दक्षिण में डूब गया। कोलकाता में आईसीजी के क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पूर्व) ने तत्काल दो आईसीजी जहाजों और एक डोर्नियर विमान को घटनास्थल पर भेजा। उन्नत रात्रिकालीन सेंसर से लैस डोर्नियर विमान ने बहते हुए जीवन रक्षक राफ्ट का पता लगाया और संकटग्रस्त चालक दल से बचने के लिए भेजे जा रहे लाल फ्लेयर्स देखे। विमान के मार्गदर्शन में, आईसीजी जहाज मौके पर पहुंचा जहां दो जीवन रक्षक राफ्ट एक साथ बंधे हुए पाए गए, जिनमें जीवित लोग मौजूद थे।

पुजारी से मारपीट करने के मामले में एक आरोपी किया गिरफ्तार

मीरापुर, 26 अगस्त (बु.)। कस्बे के श्री योगमाया मंदिर में पुजारी से मारपीट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी मीरापुर निवासी अमित शर्मा को पुलिस ने गांव कैथोडा के निकट से घटना में प्रयुक्त फावड़े समेत गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। बता दें कि बीती 19 अगस्त को आरोपी अमित शर्मा ने अपने पुत्र यश व भाई पंकज के साथ मिलकर मंदिर परिसर में मीरापुर निवासी पुजारी अनुराग शर्मा पुत्र राजेंद्र के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। दो दिन बाद घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था तो मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी।

डेढ़ माह पूर्व हुई भैंस चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की

मीरापुर, 26 अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के गाँव खेड़ी सराय निवासी ताहिर पुत्र मुबारिक ने बताया कि डेढ़ माह पूर्व चोर उसके घर के बाहर से भैंस चोरी करके ले गए थे। आरोप है कि पीड़ित ने गांव के ही एक व्यक्ति को नामजद करते हुए मीरापुर थाने में तहरीर दी थी किन्तु डेढ़ माह बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाही नहीं की। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 26 अगस्त (वार्ता) भारतीय एवं विश्व के इतिहास में 27 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1604: अमृतसर स्थित हरमंदिर साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना की गई। 1781: हैदर अली ने ब्रिटिश सेना के खिलाफ पल्लीलोर का युद्ध लड़ा। 1859: देश के महान उद्योगपति दोराबजी टाटा का जन्म हुआ। उन्होंने ही टाटा स्टील की नींव रखी थी। 1870: श्रमजीवी संघ की स्थापना। यह भारत का पहला मजदूर संगठन था। 1907: सदी के महानतम क्रिकेटर सर डॉन जॉर्ज ब्रैडमैन का जन्म। 1939: जेट इंजन वाले विश्व के पहले विमान ने जर्मनी से पहली उड़ान भरी। 1963: खाकसार आंदोलन के जनक और पाकिस्तान के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले व्यक्ति इनायतुल्लाह खान मशरिकी का निधन हुआ। 1972: भारतीय प्रोफेशनल रेसलर और लिफ्टर दलीप सिंह राणा का जन्म। वह ग्रेट खली के नाम से प्रसिद्ध हैं। 1976: भारतीय सशस्त्र सेना की प्रथम महिला जनरल मेजर जनरल जी अली राम मिलिट्री नर्सिंग सेवा की निदेशक नियुक्त हुई। 1976: महान गायक मुकेश का निधन हुआ। 1979: लॉर्ड माउंटबेटन का निधन हुआ। वह भारत के अंतिम वायसराय थे। 1982: आनंदमयी मां का निधन। वह एक महान समाजसेवी के साथ-साथ आध्यात्मिक गुरुमां थीं। 1985: नाइजीरिया में सैनिक क्रांति में मेजर जनरल मुहम्मद बुहारी की सरका का तख्ता पलटा, जनरल इब्राहिम बाबनगिदा नये सैनिक शासक बने। 1990: वाशिंगटन स्थित इराकी दूतावास के 55 में से 36 कर्मचारियों को अमेरिका ने निष्कासित किया। 1991: मालदोवा ने सोवियत संघ से आजाद होने की घोषणा की। 1993: भारतीय महिला तलवारबाज सी. ए. भवानी देवी का जन्म। 1999: सोनाली बनर्जी भारत की प्रथम महिला मरीन इंजिनियर बनीं। 1999: भारत ने कारगिल संघर्ष के दौरान अपने यहां बंदी बनाए गए पाकिस्तानी युद्धबंदियों को रिहा किया। 2003: 60 हजार वर्षों के अंतराल के बाद मंगल पृथ्वी के सबसे नजदीक पहुंचा। 2004: पाकिस्तान के वित्तमंत्री शौकत अजीजी नये प्रधानमंत्री चुने गए। 2008:सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश माथुर को सशस्त्र बल ट्रिब्यूनल का पहला अध्यक्ष बनाया। 2010:कोंकणी साहित्य के स्तंभ रवीन्द्र केलकर का निधन। 2013:उत्तर प्रदेश के बदनाम दंगों में से एक मुजफ्फरनगर का दंगा भड़का।

आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 27 अगस्त, 2024

मेष- मनोवांछित सफलता, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।

वृषभ-आज रात्रि 10/30 बजे तक आर्थिक प्रगति, निजी इच्छाकी पूर्ति, किसी विवाद का समापन, शेष समय में मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, यात्रा कष्टकर।

मिथुन- आज रात्रि 10/30 बजे तक क्रोध की अधिकता, मानसिक तनाव, आर्थिक हानि की आशंका, शेष समय में व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली।

कर्क- नवयोजना की शुरूआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन।

सिंह- दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, निजी इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति, शत्रु परास्त।

कन्या- आज रात्रि 10/30 बजे तक रचनात्मक गतिविधियों की ओर रुझान, परिजनों से सहयोग, शेष समय दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक।

तुला- आज रात्रि 10/30 बजे तक निराशा प्रभावी, समस्याओं से चिन्तित, मानसिक तनाव, शेष समय में पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा संभव।

वृश्चिक- किसी योजना की शुरूआत, पुराने विवाद का समापन, आशा के अनुकूल घटना घटित, स्वाध्याय की ओर रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तयों से सम्पर्क।

धनु- आरोग्य सुख में वृद्धि, व्यक्तित्व का विकास, आकस्मिक लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख के साधन सुलभ, पारिवारिक सौहार्द, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

मकर- आज रात्रि 10/30 बजे तक भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, आर्थिक लाभ, शेष समय में दिनचर्या अव्यवस्थित, परिवार में मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय।

कुम्भ- आज रात्रि 10/30 बजे तक समय आशा के विपरीत, विवाद की आशंका, लाभ में कमी, शेष समय प्रगतिकारक, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम।

मीन- विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक प्रगति।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

जय कन्हैया लाल की... जनपद में आस्था और श्रद्धा भाव के साथ निराहार व्रत रखकर उत्साहपूर्वक मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव

मंदिरों की साज-सज्जा ने भक्तों को किया आकर्षित, झांकियों को देख झूमे बाल-गोपाल

कृष्ण जन्माष्टमी पर एसडीएम ने पत्नि सहित गौशाला में वृक्षारोपण कर किया गौ-पूजन

गौ-सरंक्षण से जीवन रक्षण अभियान नाम देकर गौ रक्षा का संकल्प लिया

मीरापुर, 26 अगस्त (बु.)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर एसडीएम जानसठ ने पत्नि सहित कान्हा गौशाला में पहुंचकर वृक्षारोपण कर गौ-पूजन किया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि गौ-संरक्षण से ही जीवन रक्षण सम्भव है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मीरापुर की कान्हा गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम जानसठ सुबोध कुमार ने अपनी पत्नि के साथ पहुंचे तथा यहां विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश बघेल, अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार के साथ सर्वप्रथम कान्हा गौशाला में वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया तथा नागरिकों के साथ मिलकर पंडित अनिल शास्त्री द्वारा मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना करते हुए गौ पूजन किया।

इसके बाद एसडीएम ने गौशाला का निरीक्षण करते हुए गौशाला के 110 पशुओं के लिए हरा चारा, पानी तथा नियमित साफ-सफाई दुरूस्त करवाने के लिए गौसेवकों के रूप में सहयोग करने वाले अभिषेक गर्ग, अमित मित्तल, अंकित अग्रवाल, पंकज शारदा, अमित डागा, अतुल अग्रवाल, मोहित गर्ग आदि की सराहना करते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में चेयरमैन जमील अहमद, मनोज मदान, विकास गोयल, शिवम गोयल, अशोक गर्ग, मनीष गोयल, बृजपाल चौधरी तथा नगर पंचायत सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।

श्री कृष्ण और राधा का रूप रखकर मनाया जन्माष्टमी पर्व

बुढ़ाना, 26 अगस्त (बु.)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर कस्बे और देहात के मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया। बुढ़ाना कस्बे के नदी वाला मंदिर, चांदनी वाला मंदिर, योगपुरा मंदिर और शिव स्थल मंदिर सहित अन्य मंदिरों मे रंग बिरंगी लाइटें लगाई गई थी। सभी मंदिरों मे लगाई गई रंगीन लाइटें लोगों को आकर्षित कर रही थी। बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में काफी लोगों ने अष्टमी का व्रत रखा। इस बार मंदिरों में खूब भीड़ देखने को मिली। बड़ा बाजार सहित अन्य बाजारों में लगाई गई झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। गांव सफीपुर, बड़कता, भसाना, अलीपुर अटेरना आदि गांवों में भी जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। तहसील कालोनी के पीछे रहने वाले बच्चे जिनमे काव्यांश गोयल, गौरवी, आर्ची और इवांशी अग्रवाल आदि बच्चों ने कृष्ण राधा के परिधान पहनकर सभी का मन मोह लिया। उधर व्यापारी नेता राजेश संगल के आवास पर भी जन्माष्टमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इनके अलावा कस्बे के सभी मंदिरों में झांकियां सजाई गई तो मंदिरों के बाहर प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। लोगों ने भगवान श्री कृष्ण को पालने में झुलाया तथा श्री कृष्ण व राधा के रुप में सजे बच्चे खुश दिखे। लोगों ने घर में भी कृष्ण और राधा की झांकियां सजाई।

मेजर कार्तिक गर्ग के घर पहुंचे पूर्व विधायक उमेश मलिक

बुढ़ाना, 26 अगस्त (बु.)। भारतीय जनता पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक सोमवार को कस्बा निवासी मेजर कार्तिक गर्ग के घर पर पहुंचे और उनके परिवार को इस बात के लिए बधाई दी, क्योंकि बुढ़ाना निवासी विनोद भगत पंसारी के बेटे मेजर कार्तिक गर्ग को विगत दिवस एक भव्य समारोह में भारतीय सेना के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया था तो इसी खुशी में मेजर कार्तिक गर्ग के परिवार को मुबारकबाद देने के लिए पूर्व विधायक उमेश मलिक मेजर कार्तिक गर्ग के बुढ़ाना स्थित आवास पर पहुंचे और मेजर कार्तिक गर्ग के पिता विनोद भगत पंसारी को पटका पहनाकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने मेजर कार्तिक गर्ग के पिता विनोद भगत को बधाई व शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि मेजर कार्तिक गर्ग ने हमारे कस्बा बुढ़ाना व जिले का नाम रोशन किया है जो कि हमारे लिए क्षेत्र के लिए सम्मान है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, बुढ़ाना भाजपा मंडल मीडिया संयोजक शाहिद असलम, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष अंकित गर्ग, नितिन गोयल, अनुज गर्ग, मनन गर्ग, प्रयास गर्ग, मनोज ठाकुर और गीतांशु गर्ग आदि गणमान्य लोगों की भी उपस्थिति रही।

टीवी एक्टर ने कैंसर से परेशान होकर किया सुसाइड

वाराणसी, 26 अगस्त (एजेंसी)। जिले के लक्सा थाना के मिसिर पोखरा में युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। युवक की पहचान नितिन सिंह (39) पुत्र जय सिंह के रूप में हुई। वह मुंबई से रात 10:30 बजे घर पहुंचा। खाना खाने के बाद पत्नी से तबियत खराब होने की बात कहकर सोने चला गया।

देर रात में फंदे से लटककर उसने जान दे दी। सुबह बड़ा भाई जब कमरे का दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देख कर उसके पैरों चले जमीन खिसक गई। घर के अन्य लोग उसकी चीख-पुकार सुनकर कमरे में पहुंचे तो नितिन फंदे से लटक रहा था।

घटना से परिवार में कोहराम मच गया। नितिन का बड़ा भाई राहुल सिंह ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को उतरवाया। नितिन के मौत के बाद पिता जय सिंह, मां सुमन सिंह, बड़े भाई राहुल सिंह व पत्नी श्वेता सिंह का रो- रोकर बुरा हाल है। मृतक के तीन लड़के हैं। सबसे छोटा बेटा ढाई साल का है। बड़े भाई ने बताया कि नितिन मुंबई में फिल्म इंड्रस्ट्री से जुड़ा था। वह देवो के देव महादेव सीरियल में अभिनय कर चुका था। इसके अलावा भी कई सीरियल में रोल निभा चुका था। दो साल पहले नितिन को ब्लड कैंसर हुआ, जिसका इलाज चल रहा था। बीमारी की वजह से तनाव में रहता था। आशंका है कि उसी अवसाद में आत्मघाती कदम उठाया होगा। लक्सा पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रेमी के लिए मां बन गई 3.5 वर्ष की बेटी की हत्यारिन

बिहार में कचरे के ढेर में डाले गये सूटकेस में मिला था मासूम बच्ची का शव

मुजफ्फरपुर, 26 अगस्त (एजेंसी)। मुजफ्फरपुर के शास्त्रीनगर रामबाग में दो दिन पहले एक कचड़े के ढेर में 3.5 वर्ष की बच्ची का शव सूटकेस में मिला था। बच्ची की पहचान मनोज कुमार की बेटी मिष्ठी कुमारी के रूप में की गई है। आरोपी मां काजल फरार थी। पुलिस ने अब इस मामले में बड़ा खुलासा किया है। सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने सोमवार दोपहर कहा कि काजल कुमारी ने ही अपनी बेटी मिष्ठी कुमारी हत्या की है। उसने क्राइम पेट्रोल देखकर साजिश रची थी। उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी बच्ची को पसंद नहीं करता था। उसने शर्त रखी थी कि अगर शादी करना है तो अकेली आओ। इसके बाद काजल ने प्लान बनाया। किचेन के चाकू से अपनी मासूम बच्ची की हत्या कर दी और लाश को सूटकेस में रख दिया। सिटी एसपी ने बताया कि मीनापुर प्रखंड क्षेत्र के रामपुर हरि थाना क्षेत्र से आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिसिया पूछताछ के दौरान आरोपी महिल ने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया।

पुलिस ने कहा कि आरोपी काजल के पति के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद विशेष टीम का गठन किया गया। वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर काजल के खिलाफ कई साक्ष्य मिले। काजल लाल सूटकेस लेकर घर से बाहर निकलती दिखी थी। जब लोगों ने पूछा तो काजल ने कहा कि अपनी बहन के बर्थ डे पार्टी पर जा रही हूं। इसके बाद एक अन्य बैग को लेकर घर से निकली और अपनी बेटी की लाश को खड्डे के पास फेंक दिया और फिर निकल गई।

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की बेटी को मिली दुष्कर्म की धमकी

कोलकाता, 26 अगस्त (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना से देशभर में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। वहीं, पूरे मामले पर सियासी पारा चरम पर है। इस बीच, पश्चिम बंगाल बाल अधिकार आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की बेटी को दुष्कर्म की मिली धमकी पर संज्ञान लिया है। बता दें, अभिषेक बनर्जी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं। पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में नौ अगस्त की घटना को लेकर एक विरोध रैली का सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने कहा कि रैली में शामिल एक व्यक्ति को बनर्जी की नाबालिग बेटी को दुष्कर्म की धमकी देते और ऐसा करने वाले को 10 करोड़ रुपये का इनाम देने की सार्वजनिक घोषणा करते हुए सुना गया। आयोग ने आगे कहा, 'शरारती तत्व का ऐसा गंदा इरादा और सार्वजनिक रूप से अभद्र टिप्पणी एक नाबालिग बच्ची की गरिमा को ठेस पहुंचाने और उसकी सुरक्षा को खतरे में डालने के बराबर है। पुलिस से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून, किशोर न्याय कानून और बाल अधिकार संयुक्त राष्ट्र संधि के तहत कार्रवाई करने को कहा है।'

डॉक्टर हत्याकांड: ममता सरकार की अनुदान राशि का हो रहा बहिष्कार

कोलकाता, 26 अगस्त (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलज-अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दुर्गा पूजा समितियों ने एक अहम कदम उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दी गई 85000 रुपये की अनुदान राशि को लेने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि जब महिलाएं सुरक्षा की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आई हैं तो वे सरकार से अनुदान राशि स्वीकार नहीं कर सकते। हुगली में भद्रकाली बौथन संघ की अध्यक्ष रीना दास ने कहा, "हमने अपने सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए इस वर्ष इस अनुदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यह अनुदान हमें पहले भी कई वर्षों तक मिलता रहा है।" उत्तरपारा शक्ति संघ से प्रसेनजीत भट्टाचार्य ने कहा, "यह एक सांकेतिक प्रदर्षण है।

अपने अधिकारों के लिए धरना-प्रदर्शन करेगा कश्यप समाज

बुढ़ाना, 26 अगस्त (बु.)। सोमवार के दिन महर्षि कश्यप एकता संगठन की एक आवश्यक बैठक कस्बा बुढ़ाना में सलेख चन्द्र कश्यप के निज आवास पर आयोजित की गई, जिसमें सभी लोगों की सहमति से निर्णय लिया गया कि आने वाली 18 सितम्बर को अपने हक और अधिकारों के लिए कश्यप सहित 17 जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए, कश्यप समाज पर हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन तहसील परिसर बुढाना में दिया जाएगा। उन्होंने सभी भेदभाव को भुलाते हुए संगठित होकर बुढ़ाना तहसील में आगामी 18 सितम्बर को होने वाले धरने को पूर्ण र

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

सपा, बसपा, गैस्ट हाउस काण्ड

उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में सपा-बसपा की संभावित दोस्ती का चर्चा चल ही रहा था कि मायावती ने गैस्ट हाउस काण्ड का जिक्र छेड़ दिया। कुछ दिन पहले भाजपा के एक विधायक ने एक चैनल पर मायावती को भ्रष्टतम मुख्यमन्त्री बताया था, तो अखिलेश यादव ने भाजपा विधायक के उस बयान की कड़ी निन्दा की थी, मायावती ने भी अखिलेश यादव का आभार जताया था। जब यह सब चल रहा था, तो सियासी गलियारों में यह चर्चा होने लगी थी कि सपा-बसपा एक बार फिर गठबंधन कर सकते हैं। अखिलेश और मायावती के बयानों से यही अंदाजा लगाया गया, लेकिन मायावती ने फिर गैस्ट हाउस काण्ड का जिक्र करके चर्चाओ को बदल दिया। जिस विधायक ने मायावती को भ्रष्टतम मुख्यमन्त्री कहा था, उसने भी अखिलेश को जवाब देते हुए गैस्ट हाउस काण्ड की याद दिलाई थी। मायावती ने भाजपा की तारीफ करते हुए सपा कांग्रेस पर निशाना साधा, एक्स पर लिखा, जब सपा के गुंडों ने उन पर हमला किया था, केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन फिर भी उसने कुछ नहीं किया। वो चुप बैठी थी। सपा के आपराधिक तत्वों से, बीजेपी सहित समूचे विपक्ष ने मानवता व इंसानियत के नाते मुझे बचाने में जो अपना दायित्व निबाहा है, तो इसकी कांग्रेस को बीच-बीच में तकलीफ क्यों होती रहती है, लोग सचेत रहें। इसके इलावा, बीएसपी वर्षों से जातीय जनगणना के लिए पहले केंद्र में कांग्रेस पर और अब बीजेपी पर भी अपना पूरा दबाव बना रही है, जिसकी बसपा वर्षों से पक्षधर रही है तथा अभी भी है, लेकिन जातीय जनगणना के बाद, क्या कांग्रेस एससी, एसटी, व ओबीसी वर्गों का वाजिब हक दिला पाएगी? जो एससी, एसटी, आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर को लेकर अभी भी चुप्पी साधे हुए है, जवाब दे। उस समय केन्द्र की कांग्रेसी सरकार की भी नीयत खराब हो चुकी थी, जो कुछ भी अनहोनी के बाद यहां यूपी में राष्ट्रपति शासन लगाकर, पर्दे के पीछे से अपनी सरकार चलाना चाहती थी, जिनका यह षड़यंत्र बीएसपी ने फेल कर दिया था। अखिलेश के बयान के बाद सपा-बसपा-कांग्रेस के गठबंधन की चर्चाएं जोरों पर थी, लेकिन मायावती की इन पोस्ट से चर्चाएं बदल गयीं। ऐसा नहीं है कि अब उक्त गठबंधन के रास्ते बन्द हो गए, क्योंकि गैस्ट हाउस काण्ड के बाद भी सपा-बसपा गठबंधन हो चुका है और सियासत में कभी भी कुछ भी हो सकता है कोई भविष्यवाणी नहीं की जा सकती। सपा, राज्य की सत्ता में वापसी चाहती है। बसपा, अपने गिरते हुए ग्राफ को संभालना चाहती है और कांग्रेस, पुनः खड़ी होना चाहती है, तो 2027 के विधानसभा चुनाव में ये तीनों दल इकट्ठा हो भी सकते हैं, क्योंकि तीनों जानते हैं कि वे जातीय जोड़ तोड़ के सहारे ही भाजपा का मुकाबला कर सकते हैं, क्योंकि योगी आदित्यनाथ सरकार की कार्य शैली के मुकाबले तीनों दल कहीं नहीं टिकते। सियासी गलियारों में चर्चा है कि जब सियासी दल सत्ता की चाह में गठबंधन करते हैं, तो वो पुरानी बातें भूल जाते हैं। मायावती अपने जीवन के सबसे बड़े काले अध्याय को भूलती नहीं लेकिन एक प्रेसवार्ता में मायावती ने कहा था कि जनता के हितों की रक्षा गैस्ट हाउस कांड से ऊपर है। गैस्ट हाउस कांड दो जून वर्ष 1995 को हुआ था। तब चीख-पुकार मचाते हुए समाजवादी पार्टी के विधायक, कार्यकर्ता और भीड़ अश्लील भाषा और गाली-गलौच करते हुए गैस्ट हाउस में घुसे। कॉमन हॉल में बैठे बसपा विधायकों ने जल्दी से मुख्य द्वार बंद कर दिया, परन्तु उन्मत्त झुंड ने उसे तोड़कर खोल दिया। फिर वे असहाय बसपा विधायकों पर टूट पड़े और उन्हें थप्पड़ मारने और लतियाने लगे। कम-से-कम पांच बसपा विधायकों को घसीटते हुए जबर्दस्ती गैस्ट हाउस के बाहर ले जाकर गाड़ियों में डाला गया, जो उन्हें मुख्यमंत्री के निवास स्थान पर ले गई। उन्हें राजबहादुर के नेतृत्व में बसपा विद्रोही गुट में शामिल होने के लिए और एक कागज पर मुलायम सिंह सरकार को समर्थन देने की शपथ लेते हुए दस्तखत करने को कहा गया। उनमें से कुछ तो इतने डर गए थे कि उन्होंने कोरे कागज पर ही दस्तखत कर दिए। मायावती को दो कनिष्ठ पुलिस अफसरों की हिम्मत ने बचाया। कहा तो ये भी जाता है कि भाजपा के ब्रह्मदत्त द्विवेदी और लालजी टंडन ने भी मायावती को बचाने में भूमिका निबाही थी। जिसके बाद से भाजपा व बसपा के संबंधों का विस्तार हुआ और समर्थन से मायावती ने सरकार बनाई। गेस्ट हाउस कांड के अगले ही दिन 3 जून 1995 को मायावती ने यूपी के सीएम पद की शपथ ली। गेस्ट हाउस कांड को लेकर मायावती सबसे ज्यादा मुलायम सिंह यादव पर हमले करती रही हैं। बात बाबरी विध्वंस के बाद की है, तत्कालीन मुख्यमन्त्री कल्याण सिंह के इस्तीफे के बाद प्रदेश में राष्ट्रपति शासन चल रहा था। ऐसे में सपा-बसपा ने साथ यूपी में चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। अयोध्या में विवादित बाबरी ढांचा ढहाए जाने के बाद 1992 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लग गया। उस वक्त भाजपा को पूरा भरोसा था कि राम लहर उसे आसानी से दोबारा सत्ता में पहुंचा देगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कांशीराम और मुलायम सिंह यादव नजदीक आए और दोनों पार्टियों ने पहली बार चुनावी गठबंधन कर लिया। सत्ता से जुड़ी कहानियां भी बड़ी अजीब हैं। कल अखिलेश यादव ने कहा, बसपा सुप्रीमो मायावती के बीजेपी का आभार जताने और फिर गेस्ट हाउस कांड पर टिप्पणी करने के पीछे भाजपा ही की चाल है। भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर अखिलेश लखनऊ के राधा रानी मंदिर पहुंचे, थे यहां पूजा-अर्चना के बाद मीडिया से बातचीत की। अखिलेश यादव ने कहा, जहां तक राजनीतिक रास्ते और सिद्धांत का सवाल है तो हम सब वो लोग हैं, जो पीडीए परिवार का सम्मान चाहते हैं। मायावती जी को सम्मान मिले। राजनीतिक तौर पर भी, समाज में भी। पीडीए परिवार से जुड़े राजनीतिक दल के नेताओं को समाज में इस तरह के अपमान का सामना करना पड़ता है। बसपा की नेता के लिए भाजपा विधायक ने जिस तरह के शब्दों का उपयोग किया है वह अच्छा नहीं है। पीडीए परिवार के लोग हजारों सालों से ऐसा व्यवहार देखते आ रहे हैं। अगर पीडीए परिवार के सदस्यों का अपमान हुआ तो सपा उसके खिलाफ आवाज उठाती रहेगी। बसपा सुप्रीमो के बयान के पीछे भाजपा की चाल है। भाजपा कहीं भी किसी के साथ किसी को आने नहीं देना चाहती है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"आदमी" "खुशबू" "जिन्दगानी" "बदबू"

आदमी भटका हुआ, बहका हुआ, सहमा सा है,
जिन्दगानी आज खुशबू का पता देती नहीं।
गन्दगी इतनी बढ़ी, इतनी बढ़ी,इतनी बढ़ी,
अब हमारी नाक बदबू का पता देती नहीं।

मंदिरों की वेस्ट पूजा सामग्री गड्ढों में दबाएगी पालिका

- ईओ की सार्थक पहल से दिखा आस्था के प्रति जज्बा

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। त्यौहारी सीजन के बीच आस्था के प्रति समर्पण भावना से पालिका प्रशासन ने नई पहल के साथ मंदिरों में साफ-सफाई व पूजा के दौरान निकलने वाली वेस्ट पूजन सामग्री को एकत्र किए जाने को कदम बढ़ाए। जन्माष्टमी पर्व की जनपद में धूम के बीच जहां हर ओर भगवान विष्णु के अवतार योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के इस धरा पर अवतरण दिवस पर घरों से मंदिरों तक पूजा अर्चना की धूम रही। वहीं आस्था और भक्ति से परिपूर्ण इस पर्व के बीच पालिका ने इस बार समर्पित रहते हुए एक अनूठी व्यवस्था की। इस बीच नगर क्षेत्र के सभी मंदिरों पर विशेष संदेश के साथ बैनर संग विशेष टीम के साथ गाड़ियों को लगाया, जिसमें मंदिर से उतरने वाली पूजन सामग्री को एकत्र करते हुए श्रद्धाभाव से निस्तारण कराया। मंदिर समितियों के साथ पालिका ने समन्वय बनाकर काम किया। पालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा पिछले दिनों विभागीय बैठक में जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर सम्बंधित व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इस दौरान पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर आस्था को समर्पित रहते हुए अनूठी पहल के बीच मंदिरों में विशेष अभियान चलाया। ईओ ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी व एमआईटूसी कंपनी के प्रबंधक को निर्देश जारी किये थे कि जन्माष्टमी पर सोमवार को मंदिरों से निकलने वाली वेष्ट पूजा सामग्री को कूड़े के रूप में न देखकर आस्था का सम्मान करते हुए उनका श्रद्धाभाव से निस्तारण कराने की व्यवस्था की जाए। नई पहल के प्रति लोगों को प्रेरित करने के लिए पालिका टीमों ने मंदिर प्रबंध समिति पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर उन्हें भी फूल, पत्तियां व मालाओं के साथ अन्य सामग्री अवशेष को आस्था के दृष्टिगत निस्तारण करने में पालिका का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। अभियान प्रचार के लिए पालिका की ओर से मंदिरों पर बैनर लगाते हुए इनमें संदेश दिया कि पूजन के बाद प्रयोग में लाई सामग्री, फूल-पत्ती, मालाएं एवं अन्य सामान को पृथक से एकत्र कर पालिका के संचालित वाहनों को ही दें। ईओ द्वारा अधीनस्थों को दिए निर्देशों में मंदिरों पर लगने वाले वाहनों की स्वच्छता पर जोर देते हुए स्पष्ट किया कि मंदिरों पर एकत्र होने वाली पूजन सामग्री को कूड़ा वाहनों से न ले जाकर अलग साफ व स्वच्छ वाहनों से भरकर रुड़की चुंगी में एमआरएफ सेंटर के पास पालिका भूमि पर गड्ढों को खुदवाकर दबाया जाए।

इन्होंने कहा----

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार ने बताया कि ईओ के निर्देशन में मंदिरों पर अभियान चलाकर पूजन सामग्री को पृथक से वाहनों में ले जाकर निस्तारण कराया गया, जो पहली बार हुआ है, जिसमें आस्था को पूरा सम्मान दिया गया। वरना अब से पहले जन्माष्टमी पर मंदिरों से निकलने वाली पूजन सामग्री के अवशेषों को कूड़ा डलावघरों पर ही सड़ते देखा जाता रहा है। इसके लिए मंदिर कमेटियों के पदाधिकारियों द्वारा चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह की व्यवस्था की सराहना की।

त्योहारों से पहले गिरे आलू-बासमती चावल के रेट

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसी)। त्योहार का सीजन शुरू होने से पहले आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। आलू और चावल के दामों में गिरावट आना शुरू हो गई है। पिछले 20 दिनों के अंदर आलू का रेट 8 प्रतिशत कम हुआ है, क्योंकि उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के कोल्ड स्टोरेज में आलू का स्टॉक ओवरलोड हो गया है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में आलू की रेट में और कमी आएगी। दरअसल, बीते महीने आलू के अचानक बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने इसके निर्यात पर बैन लगा दिया था। उत्तर प्रदेश से उत्तर-पूर्वी राज्यों में आलू ले जाने वाले ट्रकों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। इससे यूपी और बंगाल के कोल्ड स्टोरेज के आलू का स्टॉक ओवरलोड हो गया। इसी वजह से आलू के दामों में गिरावट आना शुरू हो गई थी। आलू कारोबारियों का कहना है कि,बाजार में आलू के दामों में गिरावट आना शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में बाजार में आलू की सप्लाई बढ़ने वाली है। क्योंकि इन दोनों राज्यों के कोल्ड स्टोरेज में ओवरलोड आलू का नवंबर से पहले इस्तेमाल किया जाना है। ऐसे में रिटेल प्राइस में गिरावट आना स्वाभाविक है।

भीलवाड़ा में मंदिर के सामने आपत्तिजनक चीज फेंकने से तनाव

भीलवाड़ा, 26 अगस्त (एजेंसी)। भीलवाड़ा में रविवार को हनुमान मंदिर के बाहर गाय की कटी पूंछ मिलने की घटना ने शहर में तनाव के परिणामस्वरूप सोमवार को हिन्दू संगठनों की पुलिस प्रशासन के साथ वार्ता हुई। इस वार्ता में पुलिस ने आठ संदिग्धों को डिटेन करने की जानकारी दी। इस सूचना के बाद हिन्दू संगठनों ने अपना धरना समाप्त कर दिया, लेकिन शहर में स्थिति अब भी तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजन दुष्यंत ने हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ हुई वार्ता में बताया कि पुलिस ने मंदिर के आसपास के 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। इस जांच के आधार पर दो व्यक्तियों के संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के संकेत मिले हैं। कुल आठ लोगों को डिटेन किया गया है। एसपी ने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस इस मामले में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वार्ता के दौरान कलेक्ट्रेट के बाहर हिन्दू संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र हो गए और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान, कुछ कार्यकताओं ने गायत्री आश्रम और भवानी नगर के इलाकों में दुकानों को बंद कराने का प्रयास किया। वार्ता के समाप्त होने के बाद भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी और महामंडलेश्वर हंसराम महाराज ने एकत्र लोगों को पुलिस द्वारा दी गई जानकारी से अवगत कराया। इसके बाद, गुस्साए युवा कार्यकर्ताओं ने बाजार बंद करवाने के लिए बस स्टैंड की ओर कूच किया पर पुलिस ने खदेड़ दिया। महामंडलेश्वर हंसराम महाराज ने वार्ता के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हिन्दू समाज अब जागरूक हो गया है और वह ऐसे कृत्यों को सहन नहीं करेगा। उन्होंने मांग की कि दोषियों की पहचान के बाद उनके खिलाफ यूपी के बुलडोजर मॉडल की तर्ज पर कार्रवाई की जानी चाहिए। विधायक अशोक कोठारी ने भी शहर में शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन युवा कार्यकताओं की भीड़ अविलंब कार्रवाई की मांग पर अड़ी रही। महामंडलेश्वर हंसराम महाराज ने पुलिस से आग्रह किया कि दोषियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने जैसी कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

रोटरी व इनरव्हील क्लब ने संयुक्त रूप से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बुस.)। आज रोटरी क्लब मुजफ़्फरनगर व इनरव्हील क्लब मु.नगर ईरा द्वारा संयुक्त रूप से श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से रो. डॉ. एमएल गर्ग व ऊषा गर्ग की अध्यक्षता में रोटरी भवन, सरकुलर रोड में किया गया। सर्वप्रथम क्लब अध्यक्ष द्वारा सभा में आये हुए लोगों का स्वागत किया गया। रोटरी क्लब सचिव रो. अनिल गर्ग व इनरव्हील क्लब ईरा सचिव उषा राना द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर रॉबिन एंड उनके कलाकारों द्वारा कृष्ण जी के भजनों पर सभा में उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इनरव्हील की सदस्यों व बच्चों द्वारा श्री कृष्ण जी के भजनो पर सुंदर डान्स की प्रस्तुति दी गयी व सभी प्रतिभागियों को इनरव्हील द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर लड्डू गोपाल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें नीति सिंघल प्रथम, बेबी आराधिया व अलका बंसल रहे। जुलाई व अगस्त माह के जन्मदिन व शादी की सालगिरह की बधाई दी गयी व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस सभा को सफल बनाने में रो. अरविन्द गर्ग, रो. हंस कुमार, रो. एससी भारद्वाज, रो. शैलेंद्र राना, रो. रविंद्र सिंह, रो. अनुज स्वरूप, रो. डॉ. रूप किशोर गुप्ता, रो. रश्मि कांत, डॉ. रोहित गोयल, रो. सुशील कुमार, रो. कीमती लाल व रो. डॉ. कुलदीप चौहान, रो. मोहन लाल मित्तल, रो. राजीव अरोरा, रो. नितिन जैन व इनरव्हील क्लब से नीलमा अग्रवाल, नीति सिंगल, रीता गर्ग, भीम, गीता भारद्वाज, सुषमा गर्ग, मधु भार्गव, सुमन गोयल, सुनीता अरोरा का योगदान रहा। अन्य क्लब से रो. अनिल प्रकाश, रो. अशोक शर्मा, रोटरी क्लब चेम्बर व रो. नीरज बंसल (रो. क्लब गैलिक्सी) भी उपस्थित रहे। सभा की समाप्ति के बाद सभी आये हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया गया व रात्रिभोज पर आमंत्रित किया गया।

'चार हफ्तों के भीतर खुली जेलों की जानकारी दें'

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को आदेश दिया है कि वे चार हफ्तों के भीतर खुली जेलों के कामकाम के संबंध में पूरी जानकारी प्रदान करें। खुली या अर्ध-खुली जेलों में दोषियों को दोपहर में जेल के बाहर काम करने की अनुमति होती है, ताकि वे आजीविका कमा सके और शाम को लौट सकें। यह व्यवस्था दोषियों को समाज के साथ घुलने-मिलने और सामान्य जीवन जीने में मदद करने के मकसद से की गई थी। वरिष्ठ वकील के. परमेश्वर ने जस्टिस बी.आर.गवई और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ को बताया कि इस मुद्दे पर कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अभी तक अपनी प्रतिक्रियाएं नहीं दी हैं।

प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। पंडित राजू जी, ब्रजेश जी एवं मोहल्ला निवासी श्याम सुंदर, अभिनव अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल व मोहित मित्तल आदि सम्मिलित रहे। -फोटो बुलेटिन

राधा-कृष्ण सज्जा कार्यक्रम का आयोजन हुआ

चरथावल, 26 अगस्त (बु.)। विद्या भारती के विद्यालय महेन्द्र स्मारक सरस्वती शिशु मंदिर चरथावल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर विद्यालय में राधा-कृष्ण सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि उमा गर्ग, रूचि कुच्छल, राशि गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबीर सिंह द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी एवं सरस्वती शिशु मंदिर की विशेषताएं बतायी गयी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य, अभिभावक बन्धु व विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में राधाकृष्ण के रूप में देवांगना, सिया, अनिका, निष्कर्ष, पीहू, उर्वशी ने मन मोहा। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

चिल्ड्रन एकेडमी में धूमधाम से मना जन्माष्टमी का पर्व

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बुस.)। नगर के चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया गया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने जूनियर विंग में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन से करते हुए जन्माष्टमी की शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह दिन भगवान कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाने के लिए मनाया जाता है और यह उनके भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन, कृष्ण को समर्पित मंदिरों को फूलों, रोशनी और अन्य उत्सव की वस्तुओं से सजाया जाता है। भक्त उपवास करते हैं और कृष्ण से प्रार्थना करते हैं, और उनमें से कई उनके जन्म का जश्न मनाने के लिए पूरी रात जागते भी हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने राधे राधे, वो कृष्णा है , मधुबन में जो, राधा ढूंढ रही, जो जो जो गोविंदा आदि गानों पर नृत्य, औ पालन हारे आदि जैसे भजन और हांडी फोड़ने आदि की प्रस्तुति दी। बच्चे राधा- कृष्ण, गोपियां, ग्वाले, बलराम, यशोदा, नंद की वेषभूषा में नजर आए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने सीनियर विंग में पूजा अर्चना करते हुए सभी को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनये देते हुए श्री कृष्ण के बारे में बताते हुए कहा कृष्ण हिंदू धर्म में एक लोकप्रिय देवता हैं, जिनकी पूजा उनके चंचल और शरारती स्वभाव के साथ-साथ उनकी बुद्धि और करुणा के लिए की जाती है। उन्हें प्रेम, करुणा और चंचलता का अवतार माना जाता है। इस अवसर पर सीनियर विंग के कक्षा 5 से कक्षा 8 से तक के विद्यार्थियों ने मुकुट एवं कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भिन्न भिन्न रूपों में बड़े सुन्दर ढंग से मटकी सजाई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने रंगारंग प्रस्तुतियों से चार चांद लगा दिया। इस मौके पर सभी बच्चे और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

भगवान कृष्ण प्रेम, कर्म व नारी सम्मान की मूरत : एम.के. भाटिया

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बुस.)। नगर के जाने माने उद्यमी एम.के भाटिया ने अपने सहकर्मियों संग जन्माष्टमी का त्यौहार भावपूर्ण वातावरण में मनाया। उन्होंने अपने सभी सहकर्मियों को भगवान कृष्ण के जीवन से शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रेम की जहाँ कहीं भी बात होती है, उनके माखन चोरी द्वारा प्रेम व राधा-कृष्णा के पवित्र प्रेम की मिसाल जरूर दी जाती है। प्रेम का प्रतीक बनना आसान नहीं होता है, प्रेम की राहें दुर्गम और कठिन होती हैं, लेकिन सच्चे प्रेम व सौहार्द से ही समाज कल्याण की नींव रखी जा सकती है। इस प्रकार श्री कृष्ण ने हमेशा नारी को शक्ति बताया व उसके सम्मान के लिए तत्पर रहे। पूरी महाभारत नारी के सम्मान के लिए ही लड़ी गई। सो, आप कृष्ण भक्त हैं तो अपने आसपास की महिलाओं का पूरा सम्मान करें, सच्चे मायने में यही वीमेन एम्पोवेर्मेंट है। वहीं श्री कृष्ण ने मोह से मुक्त होकर निर्लिप्त भाव से कर्म करने की शिक्षा दी। कृष्ण ने अपने भक्तों से निष्ठा और समर्पण की अपेक्षा की , यदि इसे अक्षरक्ष जीवन में अपना लिया जाए तो सफलता खुदबखुद आएगी।

दिल्ली-एनसीआर में आवास की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसी)। रियल्ट एस्टेट बाजार में देश के प्रमुख 8 शहरों की बात करें तो दिल्ली-एनसीआर में घरों की कीमतों में 30 प्रतिशत की सबसे अधिक तिमाही वृद्धि देखी गई है। सालाना आधार पर देश के आठ प्रमुख शहरों में औसतन मकानों की कीमतों में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिसमें दिल्ली एनसीआर 30 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है। इसके बाद बेंगलुरु का नंबर है जहां मकानों कीमत 8 प्रतिशत बढ़े हैं। कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एंड एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीआरईडीएआई) और प्रॉपट्री कंसल्टिंग फर्म लिसास फोरास और कोलियर्स की रिपोर्ट से पता चलता है कि 2024 की दूसरी तिमाही में लगातार वृद्धि जारी है। जिसमें प्रमुख आठ शहरों में औसतन कीमतों में तिमाही दर तिमाही 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, साथ ही मांग लगातार बनी रहने के संकेत भी इस रिपोर्ट में दिए गए हैं। उद्योग की रिपोर्ट के अनुसार कीमतों में वृद्धि जारी रहने के बाद भी एक सकारात्मक पहलू देखने को मिला है कि भारत के शहरों में आवास में बिक्री में वृद्धि बनी हुई है। लाइसेस फोरास के प्रबंध निदेशक पंकज कपूर कहते हैं कि, चालू तिमाह में किफायती सेगमेंट में नए लॉन्च में 33 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। एनसीआर में बिक्री और नए लॉन्च में वृद्धि के संकेत मिलते है कि बाजार विकास के रास्ते पर बना रहेगा।

कक्षा 12वीं की फाइनल मार्कशीट में हो सकता है ये बदलाव

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसी)। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए एक नया मूल्यांकन मॉडल प्रस्तावित किया है, जिसमें कक्षा 9वीं से 11वीं तक के अंक शामिल हैं और व्यावसायिक और कौशल-आधारित प्रशिक्षण पर जोर दिया गया है। "शिक्षा बोर्डों में समानता स्थापित करना" नामक रिपोर्ट के अनुसार, नया मॉडल कक्षा 9वीं से आगे अंकों के कुछ प्रतिशत को एकीकृत करने का सुझाव देता है। इस दृष्टिकोण का उद्देश्य समय के साथ छात्रों की शैक्षणिक प्रगति और कौशल विकास का अधिक व्यापक मूल्यांकन प्रदान करना है। जुलाई 2024 में शिक्षा मंत्रालय को परख द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में सभी भारतीय शैक्षिक बोर्डों में एक मानकीकृत मूल्यांकन दृष्टिकोण का आह्वान किया गया है।

नानक सिंह बेदी पुत्र हरप्रीत सिंह बेदी

सुखमनी बेदी
पुत्री मनप्रीत सिंह बेदी

प्रमोद कुमार अग्रवाल डाबर वाले द्वारिकापुरी निवासी ने अपने परिवार के साथ सालासर बालाजी मंदिर के दर्शन किये।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधा-कृष्ण का रूप धारण किये नन्हे बच्चों ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकृषित किया।

'कंगना को भारतीय जनता पार्टी ने कहा : खामोश

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस और मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत की किसान आंदोलन पर की गई टिप्पणी से बवाल मच गया है। अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने मंडी की मौजूदा सांसद से भविष्य में इस तरह के बयान देने से बचने को कहा। किसान आंदोलन पर रनौत की टिप्पणियों से असहमति जताते हुए भाजपा ने कहा कि अभिनेता से नेता बनीं कंगना रनौत नीतिगत मुद्दों पर बोलने के लिए अधिकृत नहीं हैं। भाजपा ने आगे कहा कि पार्टी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के साथ सामाजिक सद्भाव के सिद्धांतों का पालन करने के लिए दृढ़ संकल्प है। दरअसल, रविवार को मंडी के मौजूदा सांसद ने कहा था कि अगर सरकार ने कड़े कदम नहीं उठाए होते तो किसानों के विरोध प्रदर्शन से बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी। मंडी के सांसद द्वारा एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में, उन्होंने आरोप लगाया कि अब निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध के दौरान 'लाशें लटक रही थीं और बलात्कार हो रहे थे।'

69000 शिक्षक भर्ती : आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी दो सितम्बर को घेरेंगे सीएम आवास

लखनऊ, 26 अगस्त (एजेंसी)। 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी लगातार धरने पर बैठे हुए हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि प्रदेश सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश का पालन करे। जिसके तहत सरकार को भर्ती की नई चयन सूची जारी करनी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि अधिकारियों के ढीले रवैये के कारण अभी तक चयन सूची जारी नहीं की गई। इससे धरनारत आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के प्रति भारी आक्रोश है। इसी वजह से ओबीसी, एससी अभ्यर्थियों ने दो सितंबर को मुख्यमंत्री आवास घेरने व महाधरने का आवाहन किया है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेन्द्र सिंह पटेल, विजय प्रताप, विक्रम यादव, धनंजय गुप्ता व अन्नू पटेल ने बताया कि ओबीसी, एससी समाज के अनेक संगठनो ने भी उनका समर्थन देने का एलान किया है। वहीं ईको गार्डेन में उनका धरना निरंतर जारी है। इधर एक और धरना अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का भी चल रहा है।

कक्षा 9 और 11 में पंजीकरण की तिथि हुई 10 सितंबर

अलीगढ़, 26 अगस्त (एजेंसी)। यूपी बोर्ड ने कक्षा 9 और कक्षा 11 में ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि में बदलाव किया है। अब यह 10 सितंबर कर दी गई है। पहले 25 अगस्त थी। इसी के साथ पंजीकरण शुल्क जमा और विद्यार्थियों के शैक्षिक विवरण 10 सितंबर तक अपलोड किए जा सकेंगे। डीआईओएस सर्वदा नंद ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में 11 से 13 सितंबर तक विद्यार्थी का नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, विषय, फोटो आदि की जांच होगी। 14 से 20 सितंबर तक केवल संशोधन स्वीकार किए जाएंगे। 30 सितंबर तक प्रधानाचार्यों को पंजीकृत अभ्यर्थियों की फोटोयुक्त नामावली व कोषपत्र की एक प्रति कार्यालय में जमा करानी होगी।

मेडिकल में इमरजेंसी सेवा ठप, जूनियर डॉक्टर अघोषित हड़ताल पर, हताश होकर लौट रहे मरीज

अलीगढ, 26 अगस्त (एजेंसी)। एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज में 25 अगस्त को तीमारदार और जूनियर डॉक्टर के बीच विवाद होने के बाद से जूनियर डॉक्टरों ने मरीजों को देखना बंद कर दिया। 26 अगस्त को जेएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी सेवा ठप रही। बताया जा रहा है कि जूनियर डॉक्टर की अघोषित हड़ताल से दो दिन में डेढ़ हजार मरीज वापस लौट गए। जूनियर डॉक्टर की अघोषित हड़ताल से बेखबर दूरदराज से आए मरीजों और तीमारदारों को इमरजेंसी सेव ठप होने से निराशा हुई। मौजूद कुछ जूनियर डॉक्टरों से तीमारदारों ने प्रार्थना की कि उनके मरीज को भर्ती कर लें, लेकिन वह मना कर-के वहां से चले गए।

ट्रेन के चपेट में आने से दो भाइयों की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसी)। हर्ष विहार के सबोली फाटक के पास ट्रेन के चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों ममेरे और फुफेरे भाई थे। परिवार वालों ने दोनों की हत्या की आशंका जताई है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि दोनों के पैर और सिर में गंभीर चोट है। शुरूआती जांच में लगता है कि दोनों की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हुई है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा। मृतकों की पहचान शालीमार गार्डन गाजियाबाद निवासी शाह आलम और शहीद नगर गाजियाबाद यूपी निवासी शजर अली के रूप में हुई है। दोनों रविवार दोपहर तीन बजे घर के निकले थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

अब सूबेदारगंज से चलेगी प्रयागराज एक्सप्रेस

प्रयागराज, 26 अगस्त (एजेंसी)। 40 वर्ष पूर्व शुरू की गई वीआईपी ट्रेन प्रयागराज एक्सप्रेस के लिए प्रयागराज जंक्शन पराया होने जा रहा है। अगले वर्ष दस जनवरी से इस ट्रेन का संचालन प्रयागराज की जगह सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से होगा। इतना ही नहीं

प्रयागराज-बीकोनर (लालगढ़) एक्सप्रेस भी सूबेदारगंज स्टेशन से संचालित होगी। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के निदेशक कोचिंग संजय आर नीलम की ओर से पत्र भी जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि प्रयागराज एक्सप्रेस और प्रयागराज-बीकानेर एक्सप्रेस अभी 50 दिन के लिए ही सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन शिफ्ट की जा रही है। दोनों ट्रेनें शिफ्ट करने की वजह महाकुंभ मेला बताया जा रहा है। अभी रेलवे बोर्ड ने जो पत्र जारी किया है उसमें इन दोनों ट्रेनों का संचालन 10 जनवरी से 28 फरवरी तक सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से होगा। 16 जुलाई 1984 से शुरू हुई प्रयागराज एक्सप्रेस के संचालन के बाद यह पहला मौका होगा जब यह ट्रेन प्रयागराज जंक्शन की बजाय सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से चलेगी।

पुरषार्थी मंदिर दाल मण्डी में सजी अमरनाथ जी की सुंदर गुफा

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। पुरषार्थी मंदिर दाल मंडी में अमरनाथ जी की गुफा के दर्शन को भारी भीड़ जुटी। यहां संध्या काल में पूजा अर्चना के साथ गुफा को खोला गया। इस मौके पर मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, अमरनाथ गुप्ता एड., पूर्व विधायक अशोक कंसल, सुनील सिंघल, कृष्ण गोपाल मित्तल, अतुल गर्ग, सुरेश एड, सुमेर चंद, अंकित धीमान, संदीप दुआ, पार्थ, शिवांश मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा। पंडित श्याम सुंदर मिश्रा व राजेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

श्री गणपति खाटू श्याम धाम में मनोहारी सज्जा देखने उमड़े श्रद्धालु

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। श्री गणपति खाटू श्याम धाम में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर की मनोहारी सज्जा दर्शनीय थी। मंदिर में गणपति भगवान, खाटू श्याम व हरिहर महादेव समेत तमाम देवी देवताओं का विशेष श्रंगार किया गया। बाल कृष्ण को सुंदर पालने में सजाया गया। इसे ज़ुलाने के लिए लोगों में उत्साह दिखा। भरतिया कॉलोनी स्थित श्री गणपति खाटू श्याम धाम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्साह नजर आया। यहां मंदिर की रंग बिरंगी ाालरों व फूलों से की गई मनोहारी सज्जा को लोग देखते ही रह गए। संध्या समय पूजन और विशेष आरती में मुजफ़्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के साथ प्रदेश के कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल तथा पूर्व सभासद विपुल भटनागर आदि ने पूजा व आरती की। इसके बाद मंदिर को दर्शनों के लिए खोला गया तो वहां अपार भीड़ नजर आई। मंदिर में लंबी कतारों में लोग दिखाई दिए। आयोजन में श्री गणपति खाटू श्याम धाम के संस्थापक भीम कंसल, अध्यक्ष अशोक गर्ग, मंत्री अनिल गोयल, अमरीश सिंघल, विकास कन्नू, कैलाश चंद ज्ञानी, प्रतीक कंसल, रजत राठी, चचा जेपी, रजत गोयल, विनोद रानो आदि का विशेष योगदान रहा। श्री बाला जी धाम के आयोजन में भीम कंसल, हरि शंकर तायल, कुलदीप, विजय बंसल, सुनील, विभोर तायल, प्रवीण, कैलाश चंद व चचा जेपी आदि उपस्थित रहे।

छप्पन भोग के साथ माखन मिश्री का प्रसाद खिलाया

मुजफ्फरनगर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर व्रत के साथ बाल कृष्ण को प्रसाद के रूप में अर्पित करने में छप्पन भोग के साथ माखन मिश्री का भोग भी लगाया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर व्रत के चलते फलाहार के चलते आज बाजार में फलों के भाव बढ़े रहे। केला सौ रुपये दर्जन, सेव अस्सी से डेढ सौ रुपये किलो और अच्छी किस्मा का सेव ढाई सौ रुपये किलो तक रहा। बाजार में मावे की मिठाई, चौलाई के लड्डू, गोंद की पंजीरी, घिया की लौज, पोस्त की बर्फी और कूट्टू की सामग्री आदि की बिक्री आज भी जमकर हुई।

राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम में शुरू हुआ जन्माष्टमी उत्सव

- उद्यमी भीम कंसल व बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने की पूजा
- अखंड रामायण पाठ के साथ पूजा अर्चना कार्यक्रम प्रांरभ

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। नन्द के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष एवं अखंड रामायण पाठ के साथ नगर के रुड़की रोड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम में पूर्व वर्षो की भांति श्री जन्माष्टमी उत्सव प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर पूर्व वर्षो की भांति सोमवार को आयोजित कुष्ठ आश्रम मंदिर के 81वें श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के रूप में उद्यमी भीम कंसल, भारतीय प्रेस परिषद सदस्य व मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, पूर्व पालिका चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा एवं सत्यप्रकाश रेशु ने प्रातः बेला में 10 बजे से मंदिर में होने वाले 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ, कीर्तन और हवन यज्ञ का पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया, जो कल यानि मंगलवार 27 अगस्त को अखंड पाठ के विश्राम के साथ में संपन्न होगा। इस बीच 3 दिनों तक चलने वाले विशाल भंडारे का भी अतिथियों ने इस बीच श्री राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम में भोग लगाने के साथ ही प्रारंभ किया। श्री राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि बुलेटिन संस्थापक स्वर्गीय उत्तम चन्द शर्मा जी ने जो परंपरा कुष्ठ आश्रम में प्रारंभ की थी, उसे वो भविष्य में ऐसे ही जारी रखेंगे और यहां निवास करने वाले परिवारों के लिए जो बेहतर होगा, उसे पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। सोमवार को मंदिर प्रांगण में पूर्व वर्षो की भांति इस बार भी भारतवर्ष से कुष्ठ रोगी अपनी कीर्तन मंडली के साथ यहां होने वाले आयोजन में शामिल हुए। इससे पूर्व कुष्ठ आश्रम मंदिर समिति के अध्यक्ष तपन चटर्जी, सचिव महेन्द्र सिंह व कोषाध्यक्ष संजय यादव ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के साथ नगर की तमाम धर्मपरायण दानदाताओं से इस पर्व पर मंदिर में पधारने पर आभार व्यक्त करते हुए अपनी क्षमता के अनुरूप मंदिर को दान दिए जाने का आह्वान किया। इस दौरान मंदिर के पुरोहित अरविन्द कुमार में पूजा अर्चना कार्यक्रम को विधि विधान से संपन्न कराया।

गोलोक धाम

कुष्ठ आश्रम

श्री-श्री गोलोक धाम में भव्य फूल बंगले ने किया मोहित

लाडली-लाल के श्रंगार से हटी नहीं निगाहें, लगी लंबी कतारें

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। श्री श्री गोलोक धाम में आज मंदिर की भव्य सज्जा के साथ लाडली-लाल का सुरुचिपूर्ण श्रंगार जहां दर्शनीय था, वहीं फूल बंगले की सज्जा को देखकर श्रद्धालु दांतों तले उंगलियां दबाते नजर आए। दिन भर वहां उत्सव का महौल रहा। संध्या काल में विशेष पूजा अर्चना के साथ फूल बंगले को दर्शन के लिए खोला गया। इस मौके पर बिंदल परिवार से राकेश बिंदल, शशि बिंदल, अंकुर बिंदल, सान्या बिंदल, अंकित बिंदल, अंकिता बिंदल, मयंक बिंदल, रश्मी बिंदल, सव्य बिंदल, अमित बिंदल, सीमा बिंदल, सचिन बिंदल, श्वेता बिंदल, विकास बिंदल, शिविक बिंदल, गोपाल और दीप्ति बंसल ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। विशेष पूजा में नंदी परिवार से गिरीश अरोरा व उनकी धर्म पत्नी तथा विकास स्वरूप सपनीक इस आयोजन में शामिल हुए। जैसे ही पूजा अर्चना के बाद दर्शन खोले गए तो श्रद्धालुओं ने राधे राधे और जय श्रीकृष्ण के घोष के साथ पूरे पांडाल को गुंजा दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मंदिर के पुराने व बड़े सेवादार सतीश सेठी ने जन्मोत्सव के महत्व के साथ धर्म के आचरण पर जोर दिया और कहा कि बच्चों में खास तौर से शुरू से ही यह धारणा डाली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण सोलह कला संपन्न और योगी राज के रूप में मानव जगत को मानवता और सेवा के साथ दुष्टों के संहार का संदेश लेकर अवतरित हुए। आयोजन में गांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसायटी के अध्यक्ष पवन छाबड़ा, ब्रज मोहन बाछ्ला, सुरेश छाबड़ा, राजकुमार अरोरा, पूर्व सभासद प्रेमी छाबड़ा, सभासद अमित पटपटिया, किशन ठकराल, टीटू सुनेजा, विनोद सुनेजा, अंकुश सुनेजा, नरेश नंदन, रमन जलोत्रा समेत बड़ी संख्या में युवा सेवादार व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। देर रात तक वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

पुरूषार्थी मंदिर दाल मंडी में जन्माष्टमी का आयोजन

बांकेबिहारी मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, की पूजा-अर्चना

मथुरा, 26 अगस्त (एजेंसी)। आखिरकार ठाकुर श्रीबांकेबिहारी जी ने अपनी शरण में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ को बुला ही लिया। बिना तय कार्यक्रम के रविवार देरशाम प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर पहुंचे। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए मंदिर के आसपास सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल होने मथुरा जनपद के दो दिवसीय दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार देरशाम अचानक श्रीबांकेबिहारी मंदिर पहुंचे। हालांकि शासन द्वारा जारी आधिकारिक कार्यक्रम में उनका वृंदावन आगमन शामिल नहीं था, लेकिन शाम को मथुरा पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री का इशारा होते ही आनन-फानन मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन द्वारा मंदिर के साथ आसपास की गलियों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

उत्तम गौ सेवा में शहर के गौ सेवकों ने रचा इतिहास

एक ही दिन में 300 से अधिक लोगों ने एक लाख से ज्यादा की धनराशि भेंट की

मुजफ्फरनगर, 26 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन के आग्रह पर मुजफ्फरनगर के गौ सेवकों ने जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर अनोखा इतिहास रच डाला। आपकों बता दें कि बुलेटिन द्वारा जन्माष्टमी से एक दिन पूर्व आग्रह किया गया था कि जो लोग लाचार, लावारिस घूम रही गौवंशों की सेवा के लिए किसी भी प्रकार का आर्थिक सहयोग चाहे वह 251 रुपये हों और चाहे वह 21000 रुपये ही क्यों न हों, या फिर 51000 रुपये ही क्यों न हों, अपनी अपनी सामर्थ्य के अनुसार बढ़-चढ़कर सहयोग करें। इस अपील को स्वीकार करते हुए आम जनता ने खूब जमकर सहयोग किया। फिर चाहे छोटे से छोटा कारोबार करने वाला हो, या बड़े से बड़ा उद्योग चलाने वाला हो, बुलेटिन के इस कार्य में सभी ने जमकर सहयोग किया, इस सहयोग के चलते एक ही दिन में 300 से ज्यादा लोगों ने एक लाख रुपये से अधिक की धनराशि मुजफ्फरनगर बुलेटिन को सौंपी, जिसका पूरा ब्यौरा मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा व्हाटसएप ग्रुप के जरिये पीडीएफ डालकर लगातार दिया जा रहा है। बड़ी बात यह है कि छोटे से छोटे कारोबारियों से लेकर, स्कूल संचालकों और उनके स्टाफ ने भी बुलेटिन को बड़ा सहयोग दिया। फिर चाहे एसडी पब्लिक स्कूल, चाहे होली एंजिल्स, चाहे एमजी पब्लिक स्कूल, चाहे जीडी गोयनका, पीआर पब्लिक, आइडियल किड्स, किड्स जी, माउंट लिट्रा जी स्कूल, एसएसके पब्लिक स्कूल, नेशनल मॉर्डन स्कूल हो, चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल हो, छोटे से लेकर बड़े स्कूलों तक सबने अपने सहयोग का सिलसिला लगातार जारी रखा। इसी सहयोग के चलते बुलेटिन को एक ही दिन में इतनी बड़ी धनराशि गौवंशों की मदद हेतु प्राप्त हुई, बुलेटिन फिलहाल तक आई धनराशि के लिए आपका आभार व्यक्त करता है।

गौवंशों के लिए रोटी, घास, चोकर व आर्थिक सहयोग हेतु बनाया जायेगा एक माह के अंदर वाहन

मुजफ्फरनगर। वैसे तो मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने अपनी वीडियो के माध्यम से यह संदेश छोड़ दिया था कि उक्त सभी पैसा गौवंशों की सेवा में लगाया जायेगा। सबसे पहले इकट्ठा हुए इस धनराशि से एक वाहन तैयार कराया जायेगा, जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपये से अधिक होगी। अभी तक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के पास एक लाख रुपये के लगभग आ चुके हैं। जल्द ही बुलेटिन उत्तम गौसेवा के माध्यम से अगले चंद दिनों में दो लाख रुपये भी इकट्ठा कर लेगा। उक्त वाहन तैयार हो जाने के बाद इस पर गाय की बड़ी प्रतिमा स्थापित करके उक्त वाहन को घर घर से रोटी, घास, चोकर और आर्थिक मदद इकट्ठी करने के लिए हरी ंडी दिखाई जायेगी। मुजफ्फरनगर बुलेटिन की योजना है कि एक वाहन से शुरूआत करने के बाद आप लोगों के सहयोग से ही इसी तरह के पांच वाहन चलाये जायें जो हर तीसरे दिन आपके द्वार, आपकी गली में पहुंचकर गौवंशों के लिए सेवा एकत्रित कर सकें और गली गली में धक्के खा रहे लाचार, बेजुबान गौवंशों को भोजन के साथ साथ उपचार भी और स्थान भी मिल सके। जिससे उन पर कोई तेजाब फैंकने, गरम पानी डालने व डंडों से पीटने की हिम्मत न जुटा सके। उक्त गौवंशों को सहारा मिलेगा, तो व सड़कों पर भी नहीं घूमेंगे एवं किसी की मार भी नहीं खायेंगे।

गौवंशों की सेवा से मुस्लिम भी नहीं रहे पीछे

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर शहर के लोगों ने फिर एक बार मौहब्बत की मिसाल कायम करते हुए मुजफ्फरनगर बुलेटिन को गौवंशों की सेवा हेतु अपना अहम योगदान दिया। इस योगदान ने गौवंशों की सेवा में आधा दर्जन से अधिक मुस्लिम भाइयों ने भी बिना किसी लालच के अपना योगदान देते हुए 251 और 501 रुपये की सेवा मुजफ्फरनगर बुलेटिन के पेटीएम नम्बर के माध्यम से उत्तम गौसेवा के लिए दी।

युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कैराना, 26 अगस्त (बु.)। युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बाद में परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के किशोरी के शव को कब्रिस्तान में सपुर्द ए खाक कर दिया। नगर के एक मौहल्ला निवासी व्यक्ति मजदूरी करके परिवार का पेट पालता है। सोमवार को व्यक्ति मजदूरी पर गया हुआ था। घर पर उसकी पुत्री अकेली थी। दोपहर करीब 1 बजे युवती ने चौक में छत पर लगे जाल में रस्सी डालकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद युवती की मां घर वापस आई, तो बेटी चौक के छत के जाल में फांसी के फंदे पर लड़की मिली। चीख पुकार मचने पर पड़ौसी इकट्ठा हो गए और किशोरी के शव को नीचे उतारा। सूचना पर किशोरी का पिता भी मजदूरी से वापस लौट आया। मृतका के पिता ने बताया कि उसके एक बड़ा बेटा भी मजदूरी पर गया हुआ है। यह बेटी दूसरे नंबर की थी। इसके अलावा एक छोटा और एक छोटी बेटी है। उसे नहीं पता की बेटी ने आत्महत्या क्यों की। बाद में परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव को कब्रिस्तान में सपुर्द ए खाक कर दिया।

मकान के बंटवारे में दम्पति पर हमला

मुजफ्फरनगर। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी में 42 वर्षीय जुल्फिकार का पिता के मकान में बंटवारे को लेकर अपने ही सगे भाइयों गफ्फार व जब्बार से विवाद चल रहा है। सोमवार को उक्त विवाद में जुल्फिकार का दोनों भाइयों से विवाद और बढ़ गया, जिसमें आरोप है कि दोनों भाइयों ने मिलकर जुल्फिकार और उसकी पत्नी संजीदा को मारपीट कर घायल कर दिया। जुल्फिकार व उसकी पत्नी घायल अवस्था में ही शहर कोतवाली पहुंचे और अपनी तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। घायलों का उपचार चिकित्सालय में कराया है।

36 लाख रुपये की ठगी का आरोप

मुजफ्फरनगर। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के आदर्श कालोनी में संयम जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि उसने पुलिस कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया है, जिसमें अब तीन वर्ष पूर्व 2021 में एक संपत्ति बेची थी। उक्त संपत्ति की जानकारी उसके एक सहयोगी साथी को हो गई थी। साथी ने उसे अपने साथ साझेदारी में व्यापार करने का झांसा दिया और वह झांसे में आ गया तथा व्यापार करते हुए उसने विभिन्न ट्रांसपोर्टरों से चीनी मिलों को अपने ट्रक भेजने शुरू कर दिये। इसी बीच उसके साथी ने ट्रांसपोर्टरों के साथ मिलकर फर्जीवाडा कर दिया। आरोपी का बताना है कि कुल 36 लाख रुपये का फर्जीवाडा किया गया है।

भाभी ने भेजा था ननंद से दुष्कर्म करने, विरोध पर गला घोंटकर हत्या

शामली, 26 अगस्त (बु.)। थानाभवन थानाक्षेत्र के एक गांव में पांच दिन पहले चारा लेने गई अनुसूचित जाति की महिला की हत्या दुष्कर्म का विरोध करने पर की गई थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला पारिवारिक रिश्ते में मृतका की भाभी है।

22 अगस्त की शाम को महिला गांव के नजदीक खेत में चारा लेने गई थी। देर शाम को तलाश के दौरान उसका शव अर्द्धनग्न हालत में खेत में पड़ा मिला था। चुनरी से गला घोंटकर उसकी हत्या की गई थी। एक कान से कुंडल भी गायब मिला था, जो अगले दिन मौके से बरामद हो गया था। मृतका के पति की तरफ से अज्ञात में थानाभवन थाने पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने सोमवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि महिला की हत्या के आरोप में उसके गांव के ही मनोज उर्फ पपली और रामरति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि करीब एक साल से मनोज से उसके प्रेम संबंध हैं। मनोज ने उसके घर के बराबर वाला खेत ठेके पर बुआई के लिए ले रखा है। मनोज उससे अकसर मृतका के साथ संबंध बनवाने के लिए कहता था।

22 अगस्त को मृतका के खेत में जाने के बारे में उसने मनोज को बताया था। जब मृतका खेत में चारा काट रही थी तो वह और मनोज दोनों वहां पहुंचे। मनोज ने मृतका के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने की कोशिश की, जिसका विरोध करते हुए मृतका ने उनकी हरकत सभी को बताने के लिए कहा तो आरोपी मनोज ने उसकी चुनरी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद मनोज ने उसे भी धमकी दी थी कि अगर उसने घटना के बारे में किसी को बताया तो वह उसे व उसके परिवार को भी नहीं छोड़ेगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी महिला अपने पास मोबाइल को छिपाकर रखती थी, इस मोबाइल से वह मनोज से बात करती थी। मोबाइल के बारे में उसके परिजनों को भी जानकारी नहीं थी। पुलिस ने महिला के कब्जे से मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह और सीओ थानाभवन श्रेष्ठा ठाकुर को प्रशंसा पत्र से सम्मानित करने और घटना का खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

हिन्दू अगर बटेंगे तो कटेंगे : योगी

आगरा 26 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नही हो सकता। राष्ट्र तभी मजबूत होगा जब हम सब एक होंगे। राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद ताजमहल मेट्रो स्टेशन पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा,''राष्ट्र से बढ़कर कुछ नही हो सकता। राष्ट्र तभी मजबूत होगा जब हम सब एक होंगे। बंटेंगे तो कटेंगे। बांग्लादेश में देख रहे हैं न, वो गलतियां यहां नही होनी चाहिए। एक रहेंगे- नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे और समृद्धि की पराकाष्ठा तक पहुंचेंगे।''

शेष - लापता पत्रावली....

में प्रभारी ओएस पारूल यादव ने बताया कि मनोज के निलंबन से जुड़ी पत्रावली उन्हें नहीं दी गई। ऐसे में उन्होंने पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। वहीं ओमवीर का कहना है कि जो पत्रावली उनसे मांगी जा रही है, वो कभी भी उनके पास नहीं रही। उनके ओएस रहने से पूर्व भी यह पद पारूल ही संभाल रही थी। उन्होंने अभद्रता के आरोपों को भी झूठा बताते हुए कहा कि ईओ व चेयरपर्सन को भी वो जानकारी दे चुके हैं।

इन्होंने कहा-

प्रकरण में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि मनोज की बहाली आदेश के साथ ही कर निर्धारण अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया था। इसके साथ उनको जांच जल्द पूरी करते हुए आख्या देने के लिए कहा गया। अब प्रभारी कार्यालय अधीक्षक पारूल यादव ने निलम्बन आदेश संबंधी पत्रावली उनके पास न होकर पूर्व में उनकी सीट पर रहे लिपिक ओमवीर के पास होने की जानकारी दी है और पत्रावली उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा है। ओमवीर सिंह से भी जानकारी की जा रही है।